# 16. समास

वाक्यांश या शब्द समूह को संक्षिप्त या छोटा करके लिखने की विधि समास कहलाती है। शब्द निर्माण की इस प्रक्रिया में दो या दो से अधिक शब्दों के मध्य में आने वाले भाग को हटाकर एक नया शब्द बनाया जाता है जिसे सामासिक शब्द कहते हैं तथा इस प्रक्रिया को समास कहा जाता है।

## शिक्षण-संकेत

- छात्रों को शब्द समूह को संक्षिप्त करना सिखाएँ।
- बताएँ, इस प्रकार बना नया शब्द समस्त पद कहलाता है।
- समझाएँ, समस्त पद का विग्रह भी किया जाता है जिसे समास विग्रह कहते हैं।
- समास के छह भेदों से परिचित करवाएँ।
- पृष्ठ 115-118 पर दिए गए सभी भेदों के शब्दों को पढ़ें तथा समझाएँ।
- समास के भेदों का अंतर भी स्पष्ट करें।
- सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों को समास भली-भाँति समझ आ गया है।
- अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।